तापमान
अधिकतम 14.5 डिग्री
न्यूनतम 4.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 जनवरी 2024


12 मेयर शक्ति रानी ने कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा


12 माता बाला सुंदरी में लाइव हुआ कार्यक्रम

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलने के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सरेआम सट्टा खेल रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2060/-रूपये बरामद किए थे।

### 32 वाहनों के किए गए चालान

**अंबाला।** पुलिस की ओर से लेन नियम तोड़ने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को पुलिस की ओर से ऐसे 32 वाहनों के चालान किए गए। अब तक पुलिस की ओर से ऐसे 30 हजार से ज्यादा वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। एसपी की ओर से लेन तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

### पर्स छीनने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नांगल खेड़ी में सुनीता पत्नी पंकज निवासी विकास नगर, पानीपत से पर्स छीनने वाले आरोपी मोहित पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव ग्वालड़ा जिला पानीपत को विकास नगर रेलवे अंडर पास के नजदीक से गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि स्नेचिंग की वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में विकास नगर निवासी महिला सुनीता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### पानीपत में राज्यपाल फहराएंगे तिरंगा

**पानीपत।** पानीपत शिवाजी स्टेडियम के प्रांगण में बुधवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं गणतंत्र दिवस पर हरियाणा के राज्यपाल शिवाजी स्टेडियम में तिरंगा फहराएंगे।

# शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों ने मोहा लोगों का मन, श्रीराम के लगे जयघोष

## श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर रादौर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को रादौर में स्थानीय लोगों का उत्साह चरम पर था। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में दीवाली जैसा माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों ने शहर के मेन बाजारों व घरों पर सनातन धर्म के झंडे लगाकर खुशियां मनाई। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में स्थानीय लोगों की ओर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में निकाली गई प्रभु श्रीराम, सीता व लक्ष्मण की आकर्षक झांकियों ने लोगों को मन मोह लिया।

- शोभायात्रा का स्थानीय लोगों ने जगह जगह फुलमालाओं व बैंड बाजो से स्वागत किया

शोभायात्रा कस्बा रादौर के बुबका रोड से शुरू हुई। इस दौरान शोभायात्रा में लगभग दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा का स्थानीय लोगों ने जगह जगह फुलमालाओं व बैंड बाजो से स्वागत किया। शहर के एसके रोड पर दुकानदारों ने भंडारा लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया। शहर के नगरपालिका रोड पर संदीप शर्मा, राजेश बत्रा आदि दुकानदारों ने शोभायात्रा का स्वागत कर उन्हें प्रसाद वितरित किया। नगरपालिका रोड पर ही कुम्हार धर्मशाला के पास बिरादरी के लोगों ने प्रधान देशराज प्रजापत के नेतृत्व में शोभायात्रा का फुलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। वहीं, रोटरी क्लब की ओर से प्रधान मंजीत सिंह, पूर्व प्रधान पुनीत गर्ग, पूर्व प्रधान विपिन शर्मा, पूर्व प्रधान एडवोकेट अजय शांडिल्य, दारी मनचंदा, पूर्व प्रधान रामकुमार वर्मा, आशु वर्मा आदि सदस्यों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। मेन बाजार में सामाजिक कार्यकर्ता भीम सिंह राठी, सुमित गर्ग, सुमित वालिया, मास्टर बालकिशन, नंदलाल जोगी आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया।


यमुनानगर के रादौर में आयोजित शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ श्रीराम का जयघोष करते हुए।

### दुकानदारों ने शोभायात्रा पर फुल बरसाए

शहर के गीता बाजार में समाजसेवी मुकेश अरोड़ा मक्की व अन्य दुकानदारों ने भंडारा लगाकर शोभायात्रा में आए श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरित किया। शहर के कॉलेज रोड पर स्थित श्रीबालाजी मंदिर सेवा समिति की ओर से प्रधान राजीव आर्य सन्नी, अनिल मुंजाल, विनोद राणा, नीरज बबलू व रुलिया नामदेव के नेतृत्व में सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरित किया। शहर के मेन बाजार में दुकानदारों ने शोभायात्रा पर फुल बरसाए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी के अलावा हनुमान जी की झांकी सजाई गई थी। देर शाम तक शोभायात्रा का शहर में आयोजन किया गया। शोभायात्रा के दौरान शहर जय सियाराम के जयघोष से गुंजता रहा।


कैप्शन: पूजा अर्चना करते हुए चांसलर तरेसम गर्ग व अन्य प्रबंधन सदस्य।

# एमएमयू विश्वविद्यालय में की राम की पूजा अर्चना

## भगवान राम हमारे आदर्श : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महर्षि मार्केंडेश्वर विश्वविद्यालय में राम मंदिर के अभिषेक समारोह को लेकर एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम परिसर में उत्साह, आध्यात्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के मिश्रण के साथ आयोजित हुआ। इस उत्सव में एमएम यूनिवर्सिटी के चांसलर तरसेम गर्ग व वाइस प्रेसिडेंट विशाल गर्ग ० ट्रस्टी मीनाक्षी गर्ग ने छात्रों और शिक्षकों के साथ अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, हवन पूजा और शोभा यात्रा में भाग लिया व पूजा अर्चना की। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के चांसलर तरसेम गर्ग ने कहा की भगवान राम हमारे आदर्श हैं। हिंदू संस्कृति में उन्हें बड़ी श्रद्धा से पूजा जाता है।

- हिंदू संस्कृति में राम बड़ी श्रद्धा से पूजा जाता

# आपात स्थिति से निपटने क लिए पुलिस की ओर से गठित की गई चार कंपनियां

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

आपात स्थिति से निपटने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अब पुलिस ने अल्फा, बरेवो, चार्ली व डेल्टा नामक की विशेष 4 कंपनियों का गठन किया है। प्रत्येक कंपनी में 107-107 कुल 428 जवानों को नियुक्त किया गया है। गठित की गई कंपनियों में नियुक्त किए गए सभी जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण दौरान एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने स्वयं पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण के दौरान जवानों ने गैस गन फायर, टीयर गैस फायर, स्टेनसैल फायर, एंटी रॉयट गन फायर, रबर बुलेट फायर कर वज्रा व वाटर कैनन को भी इसमें शामिल किया गया। प्रशिक्षण में अत्याधुनिक राइफल जेवी पीसी, सिग, असाल्ट राइफल के साथ एके-47, 12 बोर पंप एक्शन गन, एमएसएल, एसएलआर व मल्टी बैरल लांचर के चलाने व रख-रखाव बारे विशेष प्रशिक्षण दिया गया। एसपी ने कहा कि ने कहा कि पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा व सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

- प्रत्येक कंपनी में 107-107 जवानों को नियुक्त किया


अंबाला। प्रशिक्षण के दौरान रखे हथियार। फोटो: हरिभूमि

# नशीला पदार्थ रखने के मामले में दोषी को कैद

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र श्री अमरिन्द्र शर्मा की विशेष अदालत 1985अन्तर्गत एनडीपीएस एक्ट ने नशीला पदार्थ रखने के मामले में दोषी शशि उर्फ सुशील पुत्र शिव दयाल वासी इंद्रा कालोनी शौरगिर बस्ती थानेसर कुरुक्षेत्र को 2 साल कठोर कारावास व 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। सहायक जिला न्यायवादी कर्मबीर ने बताया कि 14 मार्च 2019 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के उप निरीक्षक सुभाष चन्द की टीम अपराध की तलाश व गस्त के सम्बन्ध में मोहन नगर कुरुक्षेत्र से होते हुए नजदीक कण्डा चौंक शौरगिर बस्ती के सामने सड़क पर पहुंची। पुलिस टीम ने शक के आधार पर गोल बैंक चौंक की तरफ से पैदल आ रहे शशि उर्फ सुशील पुत्र शिव दयाल वासी ईन्द्रा कालोनी शौरगिर बस्ती थानेसर कुरुक्षेत्र को काबू करके शक के आधार पर चेक किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना शहर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके ने अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक प्रेम चन्द ने आरोपी शशि उर्फ सुशील को मामले में गिरफ्तार कर लिया था व आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

### हादसे में मृत्यु मामले में आरोपी को कारावास की सजा

कुरुक्षेत्र। जिला कुरुक्षेत्र के ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजलि नरवाल की अदालत ने चालक की लापरवाही से सड़क दुर्घटना में मृत्यु करने मामले में दोषी सतबीर सिंह पुत्र जिले सिंह वासी भवानीखेड़ा जिला भिवानी को 1 साल कारावास व 1 हजारजुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी ने बताया कि गुरनाम सिंह पुत्र हरि राम वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दिए अपने ब्यान में बताया कि वह 28 सितम्बर 2017 को समय करीब 10-30 सुबह के निजी काम से बाइक पर बारना से कुरुक्षेत्र जा रहा था। उसके आगे उसका लड़का अभिषेक बाइक नम्बर एचआर-05ई-8781 पर जा रहा था। ढाण्ड रोड पर खानपुर रोड़ान के नजदीक बाजीगर डेरा के पास पीछे से एक ट्राला एनएल-01एन-5830 के ड्राईवर ने अपने ट्राले को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाकर सीधी टक्कर उसके लड़के अभिषेक की बाइक में मारी। टक्कर लगते ही बाइक सहित उसका लड़का अभिषेक ट्राले के टायरों में घिसटता हुआ काफी दूर तक गया। ट्राला चालक ने उसके लड़के को बाइक सहित कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। चालक अपने ट्राले को मौका पर छोड़कर भाग गया।

### ट्रांसफार्मर सामान चोरी मामले में आरोपियों को सजा

कुरुक्षेत्र। जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र आशु कुमार जैन की अदालत ने रास्ता रोककर असला से फायर करके लूट के तीन आरोपियों नरेन्द्र कुमार पुत्र पूर्ण चन्द वासी बुबका थाना रादौर जिला यमुनानगर, पवन कुमार उर्फ सोनू राणा पुत्र आनन्द कुमार वासी मंगलपुरी मेरठ कैन्ट यूपी व आदित्य उर्फ अजय उर्फ हिटलर पुत्र सुरेन्द्र सिंह वासी काजमाबाद गून जिला मेरठ यूपी को 10/10 वर्ष कठोर कारावास व 25/25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# पानीपत जिला जेल में बंद चोरी के आरोपी की मौत

## हवालाती लंबें समय से बीमार चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला जेल में बंद हवालाती सोमनाथ पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी गांव खरीका जलालपुर, तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश की की मौत हो गई। हवालाती सोमनाथ लंबें समय से बीमार चल रहा था। वहीं सोमनाथ का पानीपत के सिविल अस्पताल से उपचार चल रहा था। सोमवार को सोमनाथ की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे तत्काल पानीपत के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने जांच के बाद सोमनाथ के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया और उसके परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी।

इधर, सोमनाथ सन 2017 में पानीपत के चांदनीबाग थाना क्षेत्र के एक मकान में हुई चोरी के मामले में विचाराधीन था।

### शराब ठेके के सेल्समैन से नगदी व मोबाइल लूटा

**पानीपत।** पानीपत के गांव बुडश्याम मोड पर स्थित शराब के ठेके के सेल्समैन बंसीलाल के साथ 20 जनवरी की रात को तीन बदमाशों ने मारपीट की और उसकी आंखों में मिर्ची डाल कर गल्ले में रखे पांच हजार रूपये की नगदी व उसका मोबाइल फोन सैट लेकर फरार हो गए। वहीं इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में बंसीलाल ने बताया कि वह रात को लघुशंका के लिए ठेके से बाहर आया था, इस दौरान तीन लोगों नेउसके उपर चादर डाल और उसकी आंखों में मिर्ची डाल कर पीटा व नगदी लूट कर ले गए।

- आंखों में मिर्ची डाल कर की लूटपाट

# हरे कृष्णा स्कूल पर सीएम फ्लाइंग की रेड

## घोषित सरकारी अवकाश के दिन खुला मिला स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री के उडन दस्ते यानि सीएम की टीम ने समालखा कस्बा में गढ़ी छाजू रोड स्थित हरे कृष्णा इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रेड की। जहां टीम को उक्त स्कूल में कक्षाएं लगती मिलीं। हालांकि, हरियाणा सरकार ने सोमवार को अध्योध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छुट्टी घोषित की हुई थी। इसके बावजूद स्कूल में विद्यार्थियों को बुलाया गया था। इधर, सीएम फ्लाइंग की टीम स्कूल के मुख्य द्वार पर पहुंची तो स्कूल संचालक द्वारा दोनों गेटों को बंद किया हुआ था। संचालक को बार-बार सूचना देने के बाद भी काफी देरी से गेट खोले गए और आनन-फानन में स्कूल संचालक द्वारा छुट्टी कर दी गई। वहीं सीएम फ्लाइंग की टीम ने स्कूल के अंदर प्रवेश किया तो उस समय स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल पाया गया। स्कूल संचालक द्वारा जल्दी-जल्दी बच्चों व अध्यापकों को स्कूल बसों में बैठाया जा रहा था। जिस पर टीम द्वारा मौके की वीडियो व फोटो लिए गए। स्कूल में सुभाष वर्मा मैनेजर हाजिर मिला। वहीं सीएम फ्लाइंग ने सुभाष वर्मा से हरियाणा सरकार के आदेशों की अवहेलना कर स्कूल में सोमवार को शिक्षण कार्य चालू रखने के बारे में पूछा गया तो स्कूल का प्रबंधक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। वहीं सीएम फ्लाइंग की जांच में 22 जनवरी को कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थी स्कूल में मिले। जबकि 66 अध्यापक व अन्य 22 स्टाफ सदस्य हाजिर पाए गए। वहीं सीएम फ्लाइंग ने पानीपत के जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की सिफारिश की है।

- डीईओ को स्कूल प्रशासन पर सख्त कार्रवाई की सिफारिश की

# अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल पुलिस ने अमेरिका भेजने के नाम पर करीब 16 लाख की धोखाधड़ी करने के रूप में एक युवक को काबू किया है। अदालत ने युवक को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। थाना सेक्टर 32,33 की टीम द्वारा प्रबंधक थाना एसआई सलिंदर और एएसआई आनंद प्रकाश की अध्यक्षता में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी रजत बुटानी पुत्र राजेश कुमार वासी 608, आदर्श नगर करनाल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता आशीष वासी सेक्टर 32 करनाल ने शिकायत दी थी कि आरोपी रजत वासी करनाल ने मुझे और मेरे दोस्त विशु चौधरी को अमेरिका भेजने का आश्वासन देकर हमसे पौने सोलह लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायत के आधार पर नामजद आरोपी की खिलाफ थाना सेक्टर 32,33 में मामला दर्ज किया गया था। मामले में तुरंत कार्यवाही करते हुए एएसआई आनंद प्रकाश थाना सेक्टर 32,33 द्वारा आरोपी रजत को गिरफ्तार कर रिमांड हासिल किया गया है।

- पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया

**चिंता**

**गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल पांच सौ रुपये बोनस दिए जाने की मांग**

# आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और बारिश नहीं होने से किसानों ने जताई गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका

पिछले एक महीने से सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्दी के मौसम में बारिश नहीं होने और पिछले करीब एक महीने से आसमान में छाए धुंध के बादल और अच्छी धूप नहीं खिलने से गेहूं की पैदावार को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि अबकी बार सर्दी के मौसम में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है और महीना भर से अच्छी धूप नहीं खिल रही है। जिसकी वजह से अगेती व पछेती गेहूं की फसल में ग्रोथ नहीं हो सकी है। उन्हें आशंका है कि इस बार गेहूं की पैदावार कम होने से उन्हें आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ सकता है।

किसान प्रदीप कुमार, जसमेर सिंह, राजबीर सिंह, तिलकराज, राकेश, विक्रांत व श्याम लाल आदि का कहना है कि किसानों को जहां फसलों के लागत के अनुरूप दाम नहीं मिल रहे हैं। वहीं, मौसम भी उनके साथ बेरूखी करने लगा है। इसका उदाहरण यह है कि इस बार सर्दी के मौसम में जहां बारिश नहीं हुई है। वहीं, जिस समय गेहूं के ग्रोथ करने का समय था उस समय अच्छी धूप नहीं खिल रही है। आलम यह है कि पिछले एक महीने भर से सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ता रहा और आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने से धूप नहीं निकल रही है।

मौसम में सुखी ठंड बनी हुई है। जिसकी वजह से गेहूं की अगेती व पछेती फसल अभी तक पूरी तरह ग्रोथ नहीं कर सकी है। जिससे गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका बन गई है। किसानों ने प्रदेश सरकार से किसानों की समस्या को देखते हुए इस बार गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल कम से कम पांच सौ रुपये बोनस दिए जाने की मांग की।


यमुनानगर क्षेत्र में खेत में खड़ी हुई अगेती गेहूं की फसल।

### लागत के अनुरूप गेहूं के दामों में बढ़ोतरी करे सरकार

भाकिसं के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि इस बार मौसम गेहूं की फसल के अनुकूल नहीं चल रहा है। सर्दी का मौसम अब बीतने को है और कुछ ही दिनों में बसंत ऋतु शुरु हो जाएगी। गेहूं की फसल सर्दी के मौसम में ग्रोथ करती है। मगर इस बार सर्दी के दिसंबर व जनवरी माह में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। जिससे गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका है। उन्होंने सरकार से लागत के अनुरूप गेहूं के दाम दिए जाने या फिर बोनस दिए जाने की मांग की है।

# फर्जीवाड़ा करके एक व्यक्ति से नगदी समेत ठग लिया करोड़ों का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फर्जीवाड़ा करके चार लोगों ने एक व्यक्ति से 70 लाख 49 हजार रुपये व करीब ढ़ाई करोड़ा रुपये का सामान हड़प लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अपर्णा बेरी, नरेंद्र कुमार, हितेंद्र झा व दीपू रंजन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी पंकज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में वह अपने दोस्त भंवर सिंह के माध्यम से अपर्णा बेरी से मिला था। इसके बाद अपर्णा बेरी ने उसे नई दिल्ली निवासी नरेंद्र कुमार ,हितेंद्र झा व दीपू रंजन से मिलवाया। आरोपियों ने उसे सोनोवाल कछारी ऑटोनॉमस काउंसिल डिब्रूगढ़ असम के सप्लाई आर्डर दिलवाए जाने का भरोसा दिलवाया। जिसकी ऐवज में वह उससे कुल कीमत का 10 प्रतिशत कमिशन रुपये लेने की बात कही और 5 प्रतिशत एडवांस सिक्योरिटी के रूप जमा करने के लिए कहा। आरोपियों ने माल भुगतान की कीमत दिलवाने की भी जिम्मेदारी ली। उसने बताया कि आरोपियों ने उसे सप्लाई आर्डर दिलवाने के बदले 70 लाख 49 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से अपर्णा बेरी के खाते में डलवा लिए। इसमें से कुछ पैसे नकद दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने उसे वूलन कंबल के आठ हजार पीस व तीन हजार स्कूल बैग पीस का आर्डर दिया। उन्होंने यह सारा माल फरवरी 2021 में सप्लाई कर दिया। आरोपियों ने उन्हें पांच सप्लाई आर्डर दिलवाए। उसने करीब ढ़ाई करोड रुपये का माल आरोपियों को सप्लाई कर दिया। आरोपियों ने सप्लाई किए हुए माल की कीमत एक माह में दिलवाने का आश्वासन दिया। मगर इसके बाद आरोपियों ने उनकी पेमेंट नहीं दिलवाई। जब वह आरोपियों से बात करते तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस पुलिस ने चारों आरोपियों आरोपी अपर्णा बेरी, नरेंद्र कुमार, हितेंद्र झा व दीपू रंजन के खिलाफ के खिलाफ धारा 406, 419 व 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

## खबर संक्षेप



### उत्साह के साथ मना प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**करनाल।** रामनगर के सनातन धर्म मंदिर में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर अयोध्या धाम से प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बडी स्क्रीन पर लोगो ने देखा। अंत में सभी ने मिलकर सामूहिक आरती की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। लाइव कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रीराम के जयकारे पर झूम उठे। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंदिर मे पुष्प वर्षा कर जश्न मनाया गया । रामपरिवार का अभिषेक करने के बाद सभी ने भगवान की आरती की। आरती करने के पश्चात भंडारे कराया गया।

### सरकार परिवहन विभाग में भर्ती करें : बलवंत

**करनाल।** रोडवेज सांझा मोर्चा द्वारा 24 जनवरी की प्रस्तावित हड़ताल में रोडवेज के अनुसूचित जाति के कर्मचारी भाग नहीं लेंगे। रोडवेज एससी ऍम्पलाइज संघर्ष समिति के राज्य प्रधान मनोज चहल ने जारी बयान में कहा कि रोडवेज के कुछ संगठनों के द्वारा 24 जनवरी को हड़ताल की घोषणा की गई है, जिसमें रोडवेज के अनुसूचित जाति के कर्मचारी किसी भी रूप में हिस्सा नहीं लेंगे। चहल ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की अर्जित अवकाश को पूर्व की भांति बहाल करे और हिट एंड रन कानून में भी संशोधन करके उसके कड़े प्रावधानों को हटाया जाए।

### मोहक गीत मिठिये मोरनिये पेश किया

**करनाल।** अपने अनोखे सांस्कृतिक प्रभावों से भरे अंदाज़ और समकालीन विद्रोही भावना के अनूठे मिश्रण के लिए मशहूर, गायक-गीतकार बुर्रा ने एक मोहक गीत, "मिठिये मोरनिये" पेश किया है। यह ट्रैक दिल टूटने की कच्ची भावनाओं और खोए हुए प्यार के दर्द को उजागर करता है, और परंपरा को आधुनिक कहानी से मिलाकर एक मधुर संगीतमय सफर पर ले जाता है, जो सच्चा और अपना महसूस होता है।अपनी पिछली रिलीज़ों, ₹उदजा,₹ ₹गोलीबाज़,₹ और ₹दिल मेरा₹ में अपनी कलात्मक कौशल को

### 98 किलो नशीली दवाइयों का जखीरा बरामद

**करनाल।** करनाल में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने गोदाम में नशीली दवाइयों के कारोबार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने गोदाम में अंदर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस दौरान आरोपियों के कब्जे से 98 किलो नशीली दवाइयां बरामद की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन का रिमांड लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी।

## अयोध्या में श्री रामलला के विराजमान होने पर शहरवासियों पर चढ़ा भक्ति का रंग, जगह-जगह आयोजन

# श्री राम हम सबके पूज्य हैं, आराध्य हैं, इष्ट हैं वे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं : राजयोगिनी प्रेम दीदी

**सेक्टर-7 सेवा केंद्र की ओर से श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। आध्यात्मिक कार्यक्रम में राजयोगिनी प्रेम दीदी दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र की ओर से श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजयोगिनी प्रेम दीदी ने कहा कि श्री राम हम सबके पूज्य हैं, आराध्य हैं, ईष्ट हैं वे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनमें आज्ञाकारिता, धैर्यता, विनम्रता, निरहंकारिता, दिव्यता, सहनशीलता, मधुरता, त्याग, सादगी व उदारता आदि दिव्यगुण सम्माहित थे। प्रेम दीदी ने कहा कि 500 से भी अधिक वर्षों के इंतजार के बाद यह शुभ दिन हमें देखने को मिला है। इस मौके पर एडवोकेट तथा वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रेजीडेंट भ्राता सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से साधु संतों की शुभ भावनाओं से जज व वकीलों के सार्थक निर्णय से लाखों लोगों की शहादत व कुर्बानी के बाद यह दिन हम सनातनियों कोा देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम के साथ हम किसी की तुलना नहीं कर सकते। इसके साथ-साथ उन्होंने श्री सीता के त्याग व पतिव्रता होने का, श्री लक्ष्मण के भातृत्व प्रेम व हनुमान की भक्ति जिनके दिल में सदा श्री राम समाए रहे उनके गुणों को भी याद किया। इस मौके पर भ्राता हर्षवर्धन भटनागर ने कहा कि हम कितने सौभाग्य शाली हैं, क्योंकि हम भारत भूमि पर पैदा हुए हैं। भ्राता कैप्टन आरके राणा ने भी इस मौके पर अपनी शुभकामनाएं दी। भ्राता सुरिंद्र गाबा ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं और मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे जैसे भजनों पर सारी संगत को उत्साहित कर नाचने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन भी किए गए। इस मौके पर ऋषिराज शर्मा, ओमप्रकाश, रमेश कुमार, डा. डी.डी. शर्मा, रामनिवास गर्ग, हरिकृष्ण नारंग, जसमेर सिंह, रितेश विज, के.के. खन्ना, हरि कांबोज, महिंद्र संधु, मधु भटनागर, गायत्री देसवाल, सुनीता मदान, छवि चौधरी, सिमरन चौधरी, विमल मेहता व रीटा मेहता सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी को प्रभु प्रसाद भी स्वीकार कराया गया।

### भजन द्वारा प्रभु श्री राम का किया गुणगान

**करनाल।** आज अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम द्वारा मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में मिशन के सभी शिक्षकों एवं साधकों द्वारा श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 14 में एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमे दीप प्रज्ज्वलित किए उसके बाद श्री राम के भजनों के साथ योग सत्र किया गया एवं सभी के द्वारा भजनों के साथ प्रभु श्री राम की आराधना की गई। सारा मंदिर श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। समारोह के अंत में सभी को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने सभी देश वासियों को प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी।



### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह भंडारें व कीर्तन, शहर हुआ राममय



प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर मे विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम व भंडारे।

**तरावड़ी।** अयोध्या धाम में आज 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह रहा। शहर में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों आयोजन किया गया। बाजार के साथ घरों को भी लोगों ने रंगबरंगी लड़ियों से सजाया हुआ था। इसके अलावा शहर में हर तरफ से जय श्री राम जयघोष सुनाई दिए जा रहे थे। अमीर चन्द मन्दिर मे प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम लाइव दिखाया गया। जिसमे पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी व शहर के गणमान्य लोगो सहित महिलायों ने भाग लिया। सामाजिक संस्थाओं द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। धार्मिक व भंडारें का आयोजन किये गये। आज इस श्री राम के उत्सव को शहर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर हुआ सुंदर काण्ड का पाठ



**करनाल।** करनाल स्थित पुरानी अनाज मंडी के नजदीक श्री खाटू श्याम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभावसर पर सुंदरकांड पाठ व भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर सुंदर काण्ड पाठ का आनंद उठाया। इस दौरान श्याम मंदिर में विधि विधान व मंत्रोचारण के भगवान राम की पूजा अर्चना की गई। दोपहर के समय भंडारे का आयोजन किया गया। जो श्याम इच्छा तक चलता रहा। शाम को श्याम मंदिर में दीप जलाकर आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर देशराज गुप्ता ने कहा कि रामलला जी अपने भव्य एवं दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए है। देश का हर शहर, गांव, गली मोहल्ला श्री राम के जयघोष से राममय हो गया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा देश के लिए गौरवशाली है। इस अवसर पर अनिल कुमार गर्ग, रामकरण गोयल, महेंद्र कुमार गुप्ता व आकाश गुप्ता सहित आदि उपस्थित है।

### विधायक ने किया जय श्रीराम का उद्‌घोष



**घरौंडा।** कही पर हलवा, पूरी कही पर कढ़ी चावल ओर कही पर बट रही थी खीर। वही गली- गली के गूंज रहे घे श्री राम के जयकारे। समय था अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का। जिसको शहर में लोगों ने एक उत्सव के रूप में मनाया। एसडी मंदिर में अयोध्या में चल तहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा। जिसमें विधायक हरविंद्र कल्याण अपनी पत्नी रेशमा कल्याण कार्यक्रम में पहुंचे। विधायक कल्याण नें सभी को इस पर्व की शुभकामनायें देते हुए कहा कि 22 जनवरी 2024 का दिन सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। लगभग पांच सौ के लंबे संघर्ष के बाद आज भगवान श्री राम अयोध्या में आ गए है ओर अपनी जन्म स्थान में विराजमान हो गए है। काफ़ी कुर्बानियी के बाद ये दिन देखने का अवसर मिला है। विधायक कल्याण ने कहा कि ये राम मंदिर के रूप मे एक राष्ट्र चेतना है, अयोध्या जैसे माहौल

### प्रभु श्री राम की भक्ति में डूबे लोग



**घरौंडा।** भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा द्वारा धार्मिक सेवा कार्यों के अंतर्गत अयोध्या में होने वाले श्री राम मन्दिर के शुभारंभ और प्रभु रामलला की आलौकिक व दिव्य प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला के तत्वाधान में शहर के मुख्य स्थानों पर बधाई और शुभकामनाएं संदेश के बैनर लगवाए गए इसी कड़ी में हर्षोल्लास और रंगोत्सव के माहौल में वृद्धि करते हुए भारत विकास परिषद् घरौंडा द्वारा भव्य यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई तथा शाखा अध्यक्ष एवं कोर बॉडी टीम राम नाम का ध्वज लेकर राम नाम के जयकारे लगाते हुए अन्य सदस्यगण सहित यात्रा में शामिल हुए।इस कार्यक्रम के अंतर्गत यात्रा में उपस्थित जनसमूह एवं भगवान राम की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की गई शाखा द्वारा किए गए इस कार्य की शहर के गणमान्य प्रबुद्ध जनों द्वारा एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रशंसा की गई।इस अवसर पर विकास सिंगला, कपिल धीमान,मनीष गुप्ता, राजेश जैन, अरुण अग्रवाल, प्रवीण सिंगला, अनिल ठकराल समेक काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## अयोध्या में 500 वर्षों के बाद आया ऐतिहासिक और स्वर्णिम अवसर : संजय बठला

■ सूर्य मंदिर में हवन यज्ञ व श्री सुंदरकांड पाठ व भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ करनाल



सूर्य मंदिर में हवन यज्ञ व श्री सुन्दरकांड पाठ में भाग लेते श्रद्धालुगण।

अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर कर्ण नगरी के सूर्य मंदिर में हवन यज्ञ, श्री सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। सीएम प्रतिनिधि संजय बठला ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर विश्व शांति की कामना की। साथ ही प्रभु श्री राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर कई संकल्प लिए। सीएम प्रतिनिधि संजय बठला ने सभी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह एतिहासिक और स्वर्णिम अवसर आया है।

इस अवसर पर अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, शत्रुघन राय, रामबहादुर मेहतो, सुधीर यादव, राम दयाल, राम सागर, भोला राय, दिलीप कुमार, सिकंदर, नगेंद्र, मोहन, नंद किशोर, बोध नारायण, रामसकल, अशोक कुमार, राम प्रवेश, अरविंद यादव, राम सोगारथ, वशिष्ठ पंडित, दीपक पंडित, दिवाकर प्रसाद, रोहताश लाठर, सिकंदर, संजीव कुमार, राम नारायण, रोहित कुमारी, कारी पासवान, भूषण यादव, राम कुमार, चंदेश्वर व राजेश्वर आदि मौजूद रहे।

## मां अन्नपूर्णा आश्रम में दिखी श्री राम की भक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में मां अन्नपूर्णा आश्रम में आयोजित हो रहे भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के सातवें दिवस के प्रातः मुख्य यजमान परिवार के रूप में राधेश्याम गर्ग, रमेश गोयल, अजय गुप्ता, शीशपाल गुप्ता, यशपाल सिंह, अमित बंसल, लाला साधुराम सिंगला मुख्य यजमान परिवार एवं संरक्षक, बालकृष्ण त्रिपाठी संरक्षक, अमन शर्मा अध्यक्ष, अनिल सिंगला महासचिव ,अशोक लूथरा कोषाध्यक्ष, एवं सुभाष अनेजा वरिष्ठ उप प्रधान, साथ ही श्री हनुमान सेवा समिति के सम्मानित सदस्य एवं अनेक प्रभु भक्त मां अन्नपूर्णा आश्रम में पहुंचे। सर्वप्रथम मुख्य यजमान परिवार को आश्रम के मुख्य द्वार से भूदेव ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन करते हुए बैंड बाजे के मध्य मां अन्नपूर्णा शंकर भगवान के दिव्य मंडप में प्रवेश करवाया गया। सभी ने मिलकर सबसे पहले देव विग्रह श्रृंगार किया गया था। आज प्रातः उनको ब्राह्मणों द्वारा जगाया गया। उसके बाद ब्राह्मणों ने मुख्य यजमान परिवार के सदस्यों से श्री गणेश पूजन, श्री वरुण देवता ,कलश देवता, षोडश मातृ का, सप्तधृत मातृ का, चौंसठ योगिनी, वास्तु देवता, क्षेत्रपाल देवता, नवग्रह ,सर्वतोभद्र चतुर्भद्र लिङ्गतो पूजन एवं प्रधान वेदी पूजन करवाया गया। तत्पश्चात श्री देव विग्रह का संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई।

## शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी





ओम शिव शंकर सेवा मंडल तरावड़ी की ओर से अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्री राम भजन संकीर्तन एवं अमृतमय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे गलैक्सी इन्टरनैशनल प्रा लि के एम डी विजय गोयल व शिवशक्ति इन्टर गलोब के सीएमडी रमेश गुप्ता मुख्यअतिथि के रूप शिरकत की व ज्योत प्रज्ज्वालित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में भजन गायक विशु शर्मा यमुनानगर वाले, गोपाल रसिक भजन गायक तरावड़ी वाले अपनी मधुर वाणी से कार्यक्रम मे आये राम भक्तों को श्री राम चरणों जोड़ा। श्री राम के भजनों से आये हुये श्रद्धालु झूमते नजर आये। जय श्री राम जयघोष के साथ लोगो ने अतिशबाजी की गई। कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारें का आयोजन किया गया जिसमे मंडी के आढ़ती भाई, मुनीम, मंडी की लेबर साहित शहर के सैंकड़ों लोगों ने भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरंक्षक सुभाष गुप्ता, बनवारी लाल काठपाल, गौरव बंसल, बलवंत शर्मा, अमित मित्तल, मदन अरोड़ा, गौरव गर्ग, राकेश बंसल, राजेश सिंगला, राकेश हंस, नरेश गर्ग, रविन्द्र सिंगला, प्रमोद बंसल, रामकुमार शर्मा, शीशपाल गुप्ता, निखिल सिंगला, नरेन्द्र हंदूजा, मनोज चौधरी, शिवांश मित्तल, विजय शर्मा, मदन कक्कड़, अमन नारंग सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

**आयोजन** | मर्यादा पुरषोत्तम श्री राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भक्तों में दिखी खुशी

# भक्तों ने फूलों से "जय श्रीराम" लिखकर किया अपनी श्रद्धा व खुशी का इज़हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अयोध्या के श्री राम मंदिर में मर्यादा पुरषोत्तम श्री राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की ख़ुशी को आज नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस व एम डी डी बाल भवन ने मिलकर मनाया। एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ रोड के प्रांगण में निफा टीम द्वारा बच्चों के साथ मिलकर दिये जलाये वी दीयों और फूलों से "जय श्री राम" लिखकर अपनी श्रद्धा व ख़ुशी का इज़हार किया। निफ़ा की ओर सभी बच्चों, अनाथ आश्रम के स्टाफ व अन्य उपस्थित लोगों को लड्डू बाँटे गए। इस अवसर पर एम डी डी बाल भवन (अनाथ आश्रम) के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को राममय कर दिया। सबसे पहले बच्चों ने संगीत अध्यापक पवन शर्मा के साथ मिलकर रामधुन पर अपनी मधुर आवाज़ में शानदार गीत, "सजा दो घर को दुल्हन सा, मगध में राम आए हैं" गाकर सबका मन मोह लिया। उसके बाद श्री राम की जय जय कार के अनेक गीत गए। बच्चों ने मिलकर हनुमान चालीसा का गायन भी किया व भगवान श्री राम के स्वागत में सुंदर नृत्य प्रस्तुतियाँ भी दी गई। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि श्री राम को उनके जीवन के उच्च आदर्शों के कारण मर्यादा पुरषोत्तम कहा जाता है। निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने भी बच्चों को संबोधित किया एम डी डी बाल भवन के प्रधान परमिंदर पाल सिंह व संस्थापक पी आर नाथ ने आज के दिन को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज सुबह भी सभी बच्चों ने श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखा व अब निफा द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन से सभी बच्चे बेहद प्रसन्न हैं। कार्यक्रम में निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा, संरक्षक अंजू शर्मा, महिला विंग से डॉ भारती भारद्वाज, पूनम पसरीचा, समाज सेवी सुनील पसरीचा, निफा व बाल भवन से एस एस प्रूथी, एडवोकेट संदीप भारद्वाज, निफा के ज़िला सचिव हितेश गुप्ता, शहरी प्रधान मनिंदर सिंह, पूर्व राज्य युवा प्रधान गौरव पुनिया, ज़िला कार्यकारिणी से अरविंद संधु, वरुण कश्यप, जगतार सिंह, समाज सेवी कीर्ति कुमार शर्मा, डॉ चारू शर्मा आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### फतेहपुरी चौक पर लंगर लगाया

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के फतेहपुरी चौक में श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में आलू पूरी, पुलाव व लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मार्किट के प्रधान योगेश कुमार, राजीव काठपाल, योगेन्द्र चौधरी, सोनू मक्कड़, विकी, जितेन्द्र नांरग, संजय गुप्ता, राकेश सलूजा, जगदीश, अनिल, भारत भूषण, हरीश गगंवानी आदि ने लंगर में सेवा की।

### श्रीराम दरबार स्थापित किया

**पानीपत।** पानीपत की सनौली रोड स्थिति मंदिर श्री भीम गोडा में चार दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर सोमवार को मंदिर प्रागंण में स्थापित की गई राम दरबार की भव्य प्रतिमा को दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज से पधारी करूणामयी गुरूमां ने दिन है सुहाना राम जी का आना भजन गाकर वातावरण को राममय कर दिया। इस अवसर पर कलानौर से पधारे श्री रधुनाथ जी महाराज गद्दी सति भाई सांई दास सेवा दल, दयानन्द सरस्वती जी महाराज मुरथल, ब्रह्मर्षि श्री नाथ जी महाराज, वृन्दावन से राधादासी जी महाराज, सुर सम्राट वेद कमल, प्रधान जोगिंद्र कमल, ओम प्रकाश रेवड़ी आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**पानीपत।** इंदिरा विहार कॉलोनी वार्ड दो स्थित वीर क्लीनिक के पास कॉलोनी वासियों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर राजेश रोहिल्ला, बृजेश रोहिल्ला, सरदार महेंद्र सिंह, स.परमिंदर सिंह, मदन लाल मजोका, अजमेर, हैप्पी वर्मा, सिमरन सिंह, अशोक दुमड़ा, प्रशांत, वीरेंद्र रावल व नरेश मल्होत्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### एमएएसडी में श्री रामोउत्सव

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल में रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन भजनों के साथ किया गया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद गुप्ता, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र कुमार, एसडी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधान आकाश गर्ग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रंगोली बनाई गई।

### श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति पानीपत द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। मुख्य अतिथि महावीर खतरी व बाबा श्याम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा नारियल फोडकर व झंडी दिखाकर विधित रूप से दो बसों को ढोल बाजे से नाचते व बजाते हुए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क दर्शन करवाती है। जिसमें संस्था द्वारा आना-जाना व खाना निःशुल्क दिया जाता है।

### पिछडा वर्ग संघर्ष करेगा

**पानीपत।** पिछडा वर्ग की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हरियाणा में राजनीतिक पार्टियों ने आजादी के 76 वर्ष बाद तक भी शोषण पर आधारित राजनीति की जा रही है परंतु अब यह अधिक समय तक नहीं चलने वाला। अब पिछड़ा वर्ग दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग एक होकर अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी लेने के लिए जनता के बीच जाएगा। बैठक में श्याम लाल गुर्जर, राम पाल सैनी, रामभज वकील, रामकुमार प्रजापति, रामफल रोहिल्ला, वीरेंद्र सैनी, गोविंद सैनी, राजेश पांचाल, सत्यप्रकाश जांगड़ा, राजपाल कश्यप, इन्द्र सिंह पांचाल उपस्थित रहे।

### सेवा संगठन ने लंगर लगाया

**पानीपत।** भगवान राम जी की शोभा यात्रा के दौरान समाज सेवा संगठन द्वारा भंडारा वितरण की सेवा की गई। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर मिलना भी भगवान श्रीराम का आशीर्वाद मिलने के बराबर है।

### मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब व श्री राम के सामने मत्था टेका

# धार्मिक सद्भावना की मिशाल है डेरा बाबा जोध सचियार: सीएम

■ मुख्यमंत्री ने डेरा बाबा जोध सचियार में मत्था टेक कर लंगर ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सम्मानित करते हुए डेरा बाबा जोध सचियार के पदाधिकारी । फोटो :हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल शोभा यात्रा के समापन के बाद सर्वसांझीवालता का प्रतीक डेरा बाबा जोध सचियार में श्री गुरु ग्रंथ साहिब व भगवान श्री राम के सामने मत्था टेक कर प्रदेश वासियों के लिये मंगल कामना की मन्नत मांगी। वहीं डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान व हांसी के विधायक विनोद भयाना व कमेटी के सदस्यों ने सीएम मनोहर लाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने डेरे पर मत्था टेकने के बाद गुरु घर का लंगर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कमेटी के सरपरस्त भाई रामनाथ भयाना से मिल कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि सर्वसांझीवालता का प्रतीक डेरा बाबा जोध सचियार, धार्मिक सद्भावना की मिसाल है। वहीं कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार की ओर से सह सचिव राकेश भ्याना आदि ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आशीर्वाद स्वरूप सरोपा, बाबा जी व भगवान श्री राम की फोटो भेंट की गई। इस अवसर पर महासचिव सुरजीत सिंह भयाना, सहसचिव राकेश भयाना, वेद बठला, जसपाल सिंह भयाना, कमल भयाना, नरेंद्र भयाना, गुलशन भयाना, अशोक भयाना, सुरेश बजाज, यशपाल ग्रोवर, हरभजन भयाना व मित्रसेन ऐलावादी मौजूद रहे। इस दौरान सियापति रामचंद्र की जय के नारों से वातावरण सीता-राम मय हो गया।

# अयोध्या में श्रीरामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज को सम्मानित करते हुए स्वामी प्रीतम व तरूण गांधी। फोटो :हरिभूमि

■ सांसद संजय भाटिया व विधायक प्रमोद विज को सेवक रतन से सम्मानित किया

श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन में चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चौथे दिन ब्रह्म ऋषि स्वामी प्रीतम आनंद पधारे, जिनकी मधुर सत्संग वाणी से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज श्री ने धर्म और अध्यात्म से जुड़े बहुत ही सुंदर-सुंदर विचार श्रद्धालुओं के सामने प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य यजमान सौरभ गोयल, मुकेश टुटेजा, भीम सचदेवा, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट रहे। नगर विधायक प्रमोद विज व सांसद संजय भाटिया ने भी इस उत्सव की शोभा बढ़ाई। वहीं सुबह यज्ञ व देवता पूजन किया गया। इस अवसर पर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह के श्री राम स्थापना उत्सव लाइव दिखाया गया एवं मंदिर में सुबह से ही भजन कीर्तन किया गया। जबकि कृष्ण जन्मोत्सव एवं श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने खूब आनंद लिया। इधर मंदिर की प्रबंधन समिति के प्रधान तरुण गांधी एवं प्रीतम आनंद महाराज ने सांसद संजय भाटिया एवं विधायक प्रमोद जी को सेवक रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर के सभी सदस्य एवं सेवादार उपस्थित रहे जिनके कारण यह सारा कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से एवं सुचारु रूप से चल रहा है।

## श्री राम की शिक्षाओं को अपनाओ

**पानीपत।** प्रभु श्री राम हम सब के हैं और हम सब में हैं। हमें मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से सेवा धर्म, सदाचार, करुणा, प्रेम, सहानुभूति जैसे सद्गुणों को अपनाना जरूरी है। उक्त बातें भाजपा नेता संजय छौक्कर ने अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव जौरासी सर्फ खास के प्राचीन शिव मंदिर में अयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर सरपंच कृष्ण मुरारी, सुरेंद्र लाला, राजेश शर्मा, त्रिलोक शर्मा, अशोक शर्मा, विजय शर्मा, संजय गहल्याण, जगदीश गहल्याण, जयभगवान रोहिल्ला, सुखबीर सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की संदेश यात्रा से भाजपा-जजपा सरकार घबराई : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। कांग्रेस की संदेश यात्रा को लेकर एकत्र हुए कांग्रेसी नेतागण व कार्यकर्तागण।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमवीर पंवार ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा व राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक किरण चौधरी के द्वारा हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लक्ष्य को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी के संदेश को यात्रा के माध्यम से घर घर पहुंचा रहे है। पंवार ने कहा कि 24 जनवरी को पानीपत में आने वाली कांग्रेस संदेश यात्रा का लघु सचिवालय के सामने जीटी रोड पर दो बजे यात्रा का 36 बिरादरी के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं यात्रा को लेकर पंवार ने पानीपत ग्रामीण हलके के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और दावा किया कि कांग्रेस की संदेश यात्रा से भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार घबराई हुई है। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कचहरी में न्यायाधीशों व वकीलों ने हवन किया

■ लायर्स चैंबर्स बिल्डिंग में श्री राम दरबार की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। कचहरी में श्री राम दरबार की स्थापना करते हुए न्यायाधीशगण व अधिवक्तागण। फोटो :हरिभूमि

अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पानीपत सहित सभी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेटस, जिला बार एसोसिएशन पानीपत के प्रधान अमित कादयान ने अपनी कार्यकारिणी व बडी संख्या में वकीलों ने ज्यूडिशियल बिल्डिंग में विशाल यज्ञ किया। जबकि सुदेश कुमार शर्मा, जिला अब सत्र न्यायाधीश और जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के द्वारा लायर्स चैंबर्स बिल्डिंग में श्री राम दरबार की स्थापना की गई। इस अवसर पर सभी वकीलों आदि को प्रसाद वितरित किया गया। जबकि कार्यक्रम में बार के उप प्रधान हर्ष सैनी, सचिव आशीष बंसल, सह सचिव दिनेश रोहिला, कैशियर बबीता कादयान पूनिया, राजेश शर्मा, प्रकाश गाहल्याण, रघबीर सैनी, करतार सिंह, कर्ण सिंह पन्नू, योगेंद्र मालिक, अनिल चैची, आनंद त्यागी, सुखबीर शर्मा, अमित राठी, मोहन सिंह आदि वकील उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की पीएसी के सदस्य बने सचिन कुंडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



■ प्रदेश की जनता में मौजूदा सरकार के प्रति रोष

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू को पार्टी की पॉलीटिकल अफेयर कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है।

वहीं अपनी नियुक्ति के लिए सचिन कुंडू ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, राज्यसभा से सांसद दीपेंद्र हुड्डा का आभार जताते हुए कहा कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की बनने जा रही है। वहीं भाजपा-जजपा सरकार जनता की सेवा करने में विफल साबित हुई है।

प्रदेश की जनता में मौजूदा सरकार के प्रति रोष है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भाजपा-जजपा की ऐतिहासिक हार होगी।

# श्री राम की शिक्षाओं का पालन करें नागरिक: विज

■ श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का टाउन शिप क्लब में लाइव प्रसारण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। धाम उत्सव पर श्री राम के जयकारे लगाते हुए विधायक प्रमोद विज आदि भक्त। फोटो :हरिभूमि

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के शुभारंभ का लाइव कार्यक्रम पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने मॉडल टाउन स्थित टाउन शिप क्लब में स्थानीय निवासियों के साथ देखा एवं कार्यक्रम देखने आए हुए लोगों को रामलला के गर्भगृह में विराजमान होने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम उपरांत विधायक विज ने पानीपत के मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की एवं कार्यक्रम देखने आए लोगों को शुभकामनाएं दी। विधायक विज ने रामलाल चौक पर लड्डू बांटे एवं लंगर सेवा की। इधर, विधायक प्रमोद विज ने जनता को राम लेखन पुस्तिका का वितरण किया।

## कुराड़ में यज्ञ कर भंडार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव कुराड़ स्थित श्री शिव मंदिर में अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रातः पंडित नरेश शास्त्री ने यज्ञ किया और वीरेंद्र देशवाल ने भजन सुनाए। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि टिंकू देशवाल, नरेंद्र देशवाल, केडी शर्मा, मा.कर्मबीर भारद्वाज, पालेराम, अनिल शर्मा, राजेंद्र देशवाल, शिक्षक कुलदीप देशवाल, प्रवीण शर्मा, बलकार देशवाल, सत्यवान, बिजेंद्र, जितेंद्र, विकास भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## भजनों पर नाचे श्रद्धालु

पानीपत। नेहरू नगर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक प्रमोद चोपड़ा द्वारा श्री राम के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया। मुख्य अतिथि के रूप में विपुल शाह रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि रमेश वधावन, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, राजकुमार पाहवा, चन्द्र सहगल, डा.महेंद्र शर्मा, सुनील थम्मन, समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता, अवनीश ठाकुर, होम्योपैथिक डा. केदार बत्रा मौजूद रहे।



*पानीपत। दशहरा कमेटी, बरसत रोड के उत्सव को संबोधित करते हुए विधायक महिपाल ढांडा।*

## भगवान राम की तरह पुरूषोत्तम बनें युवा वर्ग: ढांडा

**पानीपत।** *श्रीराम दशहरा कमेटी, बरसत रोड़ द्वारा प्रधान भीम सचदेवा के नवनिर्मित भवन यू एस टावर सोमवार को श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर भजन गायक पवन गुंबर, भगवान श्री राम, सीता, श्री हनुमान आदि के जीवन पर आधारित भजन सुना कर माहौल को राममय कर दिया। इस अवसर पर चंद्रशेखर शर्मा, विजय जैन, राजीव जैन, मुकेश टुटेजा, भूषण मदान, सुनील ग्रोवर, सुभाष गुलाटी, सुभाष बठला, हरबंस आनंद, रमेश सतीजा, सुनील थम्मन, राधेशाम नासा, हरीश अरोड़ा, विपिन बजाज समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीरामसेवा दल, पानीपत सेवा मंडल, राजन मेमोरियल ट्रस्ट, श्रीराम नाटक क्लब, आरडब्ल्यूए हुडा सेक्टर 17, आरडब्ल्यूए हुडा सेक्टर 13 ने भी सहयोग दिया। जबकि धार्मिक कार्यक्रम में पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा ने नागरिकों से भगवान श्री राम के शिक्षाओं का जीवन में पालन करने की अपील की। वहीं विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।*

# आर्य कॉलेज ने वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत

■ कुरुक्षेत्र विवि में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के डॉ राजेश टूर्ण के साथ विजेता खिलाडी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजक पदक जीतकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा का भी नाम रोशन किया। इधर, आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्य कॉलेज, पानीपत के छात्र सचिन डागर, साहिल, जफर अली और निखिल शेट्टी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ये मुकाम हासिल किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंडोर कॉम्प्लेक्स में आयोजन हुआ। डॉ. गुप्ता ने इस शानदार उपलब्धि पर विजेता खिलाड़ियों की विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग का अध्यक्ष डॉ नरेश सैनी, मामनी सैनी, डॉ. राजेश टूर्ण, राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील समेत पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी।

# शहीदों की याद में शहीद स्मारक परिसर में पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। शहीद स्मारक परिसर में पौधे रोपते हुए ग्रीनमैन प्रो दलजीत व उनके सहयोगीगण।

शहीदों को समर्पित पानीपत के जिला सचिवालय में बने शहीद स्मारक पानीपत को सीटीएम राजेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के स्वेच्छिक सहयोग से सौंदर्यकरण का काम जोरो पर है। प्रोफेसर दलजीत ने बताया कि करीब एक महीने से हरित अभियान व स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत करीब 300 फूल व पौधों द्वारा शहीद स्मारक का सौंदर्यकरण किया जा रहा है।

इसके साथ ही समय समय पर ओर अधिक पौधे रोपित करके शहीद स्मारक के सौंदर्यकरण के कार्य जारी रहेंग। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि अभी तक 14 बोतल पाम, 50 से अधिक देश-इंग्लिश गुलाब, 50 से अधिक डहेलिया, गजेनिया, सालविया, गेंदा, सहित अनेक प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीटीएम राजेश सोनी ने कहा कि लघुसचिवालय पानीपत में प्रतिदिन हजारों नागरिक काम के सिलसिले में प्रतिदिन आते जाते रहते हैं इसके मद्देनजर शहीद स्मारक को सुंदर-सुंदर फूलो के पौधों से सजाया जा रहा है। इससे जहां पर्यावरण घना होगा वही जनता पर्यावरण जैसे गम्भीर मुद्दे के प्रति जागरूक भी होंगे। नगराधीश ने पानीपत वासियों का अधिक से अधिक पौधे रोपित करने के लिए आह्वान किया।

ट्विन सिटी हुई राममय, भव्य शोभायात्राओं के साथ भंडारों की रही धूम

# अयोध्या में भगवान राम की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा होते हुए जश्न में डूबे लोग

जमकर झूमे लोग, लड्डू बांटकर मनाई खुशी, सियासी हस्तियों ने भी दी एक दूसरे को शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा होते ही सोमवार को ट्विन सिटी के लोग राम भक्ति में डूब गए। अब रात को दीए जलाकर दीवाली मनाई जा रही है। मंदिरों के साथ लोगों ने अपने रिहायशी भवनों को भव्य तरीके से सजाया हुआ है। दिनभर जगह जगह भंडारे लगाए गए। वाहनों पर लोग जय श्रीराम के नारे लगाकर जश्न मनाते हुए नजर आए। कई जगह प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का लाइव दिखाया गया। इसके लिए बड़ी बड़ी स्क्रीन लगाई गई। प्राण प्रतिष्ठा होते हुए जमकर आतिशबाजी भी हुई। श्री राम मंदिर जीटी रोड अंबाला शहर, श्री सनातन धर्म मंदिर अंबाला कैंट समेत 50 से अधिक मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह-जगह अनुष्ठान, पाठ, शोभायात्रा, हवन और भंडारों का आयोजन किया गया। श्री सनातन धर्म मंदिर, अंबाला कैंट के सदर बाजार में, अंबाला शहर के मानव चौक, श्री राम मंदिर जीटी रोड में लाइव स्क्रीन लगा अयोध्या के कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया। श्री सनातन धर्म मंदिर में राम चरित मानस के पाठ, सुंदर कांड पाठ के अलावा भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना के साथ संकीर्तन किया गया। शाम को यहां 1001 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। सुभाष पार्क के पास बीपीएस प्लेनेटोरिम में स्थित शिवालय, भगवान श्री कृष्ण मंदिर एवं हनुमान का मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। सनातन धर्म सभा, निस्वार्थ योग सेवा दल, भोले नाथ सेवा दल की ओर से चाय, खीर एवं ब्रेड पकौड़े का भंडारा लगाया गया है। भगवान परशुराम गोशाला में रामायण पाठ, पुरानी अनाज मंडी में दीयों की रंगोली, राम मूर्ति का अनावरण और शाम को दीप माला के साथ सामूहिक आरती की गई। शाम को अंबाला शहर के ज्यादातर बाजार रंग-बिरंगी लाइट से जगमगा उठे। खूबसूरत बाजार हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। अंबाला कैंट के रामबाग रोड स्थित श्री भैरव मंदिर में राम दरबार की स्थापना हुई।



अंबाला। राम उत्सव में शामिल समिति के पदाधिकारी।

## मनमोहन नगर में मनाया गया उत्सव

अंबाला शहर की खत्री जन कल्याण सभा गोबिंदपुरी द्वारा मनमोहन नगर में हवन व सुंदर का पाठ तथा भंडारा कर श्री राम उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला नेत्री प्रवेश वर्मा एवं खत्री जनकल्याण सभा गोबिंदपुरी के प्रधान बद्री नाथ सोफत की अध्यक्षता में भंडारा लगाया गया। उन्होंने कहा कि यह दिन इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज रहेगा। सदियों की प्रतिक्षा के बाद यह दिन आया है। विनोद भार्गव ने कहा कि हम सब लोग भाग्यशाली हैं जिन्होंने अपने जीवन काल में 500 साल से टैंट में रहे भगवान राम को अपने मंदिर में विराजित होते हुए देखा है। मौके पर सुरेंद्र मल्होत्रा, मुकेश कपूर, अनिल प्रसाद, प्रमोद मल्होत्रा, अशोक कुमार, जोगिंद्र हांडा व सुरेंद्र घई भी मौजूद रहे।

### शराब के ठेके बंद संस्थानों की छुट्टी

प्राण-प्रतिष्ठा के चलते सरकार के आदेश के बाद सोमवार को शराब के ठेके बंद रखे गए। साथ ही सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों की छुट्टी रही। कई जगह पर भगवान श्री राम के प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया। अंबाला की कचहरी में भी वकील सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह मनाया। कोर्ट में सुबह 9:15 बजे से सुंदर कांड पाठ हुआ। बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या धाम से जो कार्यक्रम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का लाइव सीधा प्रसारण किया जाएगा। भगवान श्री राम की पूजा अर्चना आरती होने के उपरांत एक क्विंटल से अधिक लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।

## 496 साल बाद अयोध्या में रामलला हुए विराजमान

**अंबाला।** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि 496 साल के बाद अयोध्या नगरी में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। पूरा भारत राममय हो रहा है।

- विधायक असीम गोयल ने कौला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को दिलवाई शपथ

विधायक सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव कौलां में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हर भारतवासी में खुशी की लहर थी, सभी जगहों पर लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों व आयोजनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी, तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 2.50 करोड़ की आबादी है जिसमें से लगभग 1.50 करोड़ लोगों के आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनाने का काम किया गया है। कार्यक्रम के तहत 5 लोगों के आयुष्मान कार्ड व 4 लोगों को पेंशन सम्बन्धी प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थी को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा निशुल्क प्रदान की जा रही है। सरकार घर-द्वार पर आकर यानि वार्डों में जाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सशक्त नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किये जा रहे हैं। यहां पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना।



अंबाला। समस्याएं सुनते विधायक असीम गोयल।

## 100 किलो लड्डू बांट मनाई खुशी

अंबाला शहर के सर्राफा ट्रेडर्स एंड मैनुफैक्चर एसोसिएशन की ओर से सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में 100 किलो लड्डू बांट खुशी मनाई। इस की शुरूआत अध्यक्ष मदन लाल वर्मा की दुकान पर पर लड्डू वितरित कर की गई। प्रधान राजिंदर कुमार ने कहा कि सारा देश राम रंग में सराबोर है। सारे देश में खुशियां मनाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश फिर से दिवाली मना रहा है। इस अवसर पर सचिव विजित वर्मा, चेयरमैन मदन लाल, उपप्रधान राकेश गोयल, कैशियर तरुण वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अनिल वर्मा, दीपक भोला भी मौजूद रहे।



बाजार में लड्डू बांटकर खुशी मनाते सर्राफा कारोबारी।

## लालकर्ती में निकाली गई शोभायात्रा

अंबाला छावनी के लालकुर्ती बाजार में सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह व साथियों ने स्वागत किया और प्रशाद का वितरण किया। ओंकार सिंह ने कहा कि भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राम का चरित्र अनुसरणीय है। हम सबको उनके चरित्र व उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता, पिता व सखा तक का त्याग कर दिया था। भगवान राम का नाम लेना तो बहुत आसान है लेकिन उनकी शिक्षाओं का पालन करना और मर्यादाओं का अनुसरण करना अति कठिन कार्य है।



अंबाला। लालकुर्ती बाजार में निकाली गई शोभायात्रा का दृश्य।

## श्री राम का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत

अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन के बाहर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन के दिन पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा ने समस्त कांग्रेसियों के साथ एकत्रित होकर चाय,ब्रेड पकौड़े व लड्डू बांटकर और आतिशबाजी करके खुशी का इजहार किया। अंबाला शहर में भी पंचायत भवन के नजदीक खीर का प्रशाद बांटा गया। निर्मल सिंह ने बताया की मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम हम सभी के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनका पूरा जीवन ही समस्त समाज के लिए प्रेरणा दायक है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए परिवार, समाज और देश के लिए कार्य करने की जरूरत है। चित्रा सरवारा ने बताया की रामायण रचियता महाऋषि भगवान श्री वाल्मीकि ने रामायण में भगवान श्री राम जी के पूरे जीवन का अनुसरण करते हुए भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की है। हमें इसे अपने जीवन मे आत्मसात करने की जरूरत है। चित्रा ने कहा कि अक्सर लोग एक दूसरे का परस्पर अभिवादन भी राम-राम के साथ करते हैं।



अंबाला। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान खुशी मनाते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व अन्य।

## बब्याल में निकली भगवा यात्रा

**अंबाला।** श्रीराम भूमि पर बन रहे नवीन मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को श्री सनातन धर्म सभा भगवा यात्रा का आयोजन बब्याल से सनातन धर्म मंदिर किया गया। यह यात्रा दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर पहुंची। मोटरसाइकिल एवं कार सवार सभी राम भक्तों का ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया। केंद्र की सह प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा की जल्द ही विश्व में राम राज्य स्थापित होने वाला है। यह सब तैयारी इसी उपलक्ष में की जा रही हैं। उन्होने कहा कि हमें अपने जीवन में श्री राम जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए।



अंबाला। भगवा यात्रा का अभिनंदन करती बीके बहनें।



## हवन यज्ञ में डाली गई आहुतियां

**नारायणगढ़।** अयोध्या के श्रीराम मन्दिर में श्रीरामलला के प्रवेश की खुशी में सोमवार को अनाज मंडी में हवनयज्ञ का आयोजन किया गया। कच्चा आढ़ती एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस हवन यज्ञ के चंद्रपाल शास्त्री ने यज्ञ में आहुतियां डलवाई। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की सुख शांति, अमन चैन व भाईचारा कायम रखने को लेकर आहुतियां डाली। शास्त्री ने भगवान राम के पदचिह्नों पर चलने के लिए उपस्थित लोगों से आह्वान किया। हवन यज्ञ के दौरान ज्योंहि श्रीराम लला के श्रीराम मन्दिर अयोध्या में प्रवेश होने की सूचना मिलते ही सारा पांडाल जयश्रीराम के उदघोषों से गूंज उठा।

## सुंदर कांड का किया गया पाठ

**नारायणगढ़।** अयोध्या राम मंदिर में रामलला के प्रवेश की खुशी में स्थानीय बजरंग भवन में सुंदरकांड का पाठ किया गया। श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महावीर दल के सदस्यों सहित अनेकों महिलाओं ने भाग लिया। इसके उपरांत हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। इसके बाद चाय पकौड़े का लंगर लगाया गया।



नारायणगढ़। श्री महाकाली मंदिर में श्रीराम पूजन करते भक्त।

## श्रीराम पूजन का समापन

**नारायणगढ़।** श्री महाकाली मंदिर में चल रहा श्रीराम पूजन का सोमवार को समापन कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम भक्तों ने रामायण का पाठ भी किया तथा भगवान श्रीराम का जयघोष भी किया। इसके उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद का आंनद लिया।

## कई जगह हुए भंडारे

**नारायणगढ़।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में सोमवार को श्रीरामलला के प्रवेश के अवसर पर नगर व आसपास क्षेत्र के मंदिरों में उत्सव का माहौल रहा। सभी में पूजा अर्चना के उपरांत भंडारों का भी आयोजन किया गया। स्थानीय श्रीराम लीला मैदान में मूर्ति श्री रघुनाथ जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा, विश्वकर्मा मंदिर ,खंडा चौक ,सुभाष चौक, पुराना बस स्टैंड, डीएवी स्कूल के सामने, लोटों चुंगी नाके के निकट स्थित पेट्रोल पंप तथा मुख्य बाजार में अनेकों जगहों पर भंडारों का आयोजन किया गया। हर दुकान पर श्रीराम के ध्वज लहरा रहे थे।

## मेयर शक्ति रानी ने कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

**अंबाला।** अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा प्रोग्राम को लेकर अंबाला शहर में भी अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबाला शहर जैन कॉलेज रोड पर बने हनुमान मंदिर में हवनयज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेयर शक्तिरानी शर्मा मुख्य यजमान के तौर पर मौजूद रही और हवनयज्ञ में आहूति डाली। वहीं अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव नन्यौला, मानव चौक पर मानव रंग मंच द्वारा आयोजित किए गए भंडारे में शक्तिरानी शर्मा विशेषतौर पर मौजूद रही और भंडारा वितरित किया। इसी तरह अंबाला शहर जगाधरी गेट पर आयोजित किए गए भंडारे में शक्तिरानी शर्मा ने शिरकत की तो वहीं अंबाला शहर के वार्ड नंबर 5 में मोटर मार्किट के समीप आयोजित किए गए भंडारे में शामिल होकर लंगर वितरित किया।



अंबाला। भंडारे में लंगर बरताते हुए मेयर शक्ति रानी शर्मा व अन्य।

## अयोध्या से लाइव कार्यक्रम देखते लोग



## माता बाला सुंदरी में लाइव हुआ कार्यक्रम

**मुलाना।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर माता बाला सुंदरी मंदिर मैदान में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को 15 फीट उंची डिस्पले पर लाइव दिखाया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्राण प्रतिष्ठा होते ही जय मुलाना जय श्री राम के जयकारों से गुंज उठा व प्रसाद वितरण किया गया। इससे पूर्व सुबह 9 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। बाद शाम 6 बजे तक भजन व कीर्तन जारी रहे। दोपहर 3 बदे प्रसिद्ध भजन गायक डीके राजा ने श्री राम जी के भजनों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान विदेशी छात्र भी जमकर झूमे। ग्रामवासियों द्वारा विशाल लंगर का भी आयोदन किया गया। कन्हैया चौक पर सभी व्यापारियों ने व धीन हाईवे पर ग्राम वासियों ने प्रसाद वितरण किया। माता बाला सुंदरी मंदिर प्रांगण पर शाम को आतिशबाजी भी की गई।



अंबाला। सुल्तानपुर बैरियर के पास लंगर बरताते जजपा नेता हरपाल कांबोज व अन्य।

## जजपा नेता हरपाल ने लगाया लंगर

अंबाला। अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आज के इस ऐतिहासिक दिन को देश और विदेश में लोगों ने अपने-अपने तरीके से मनाया। इसी मौके पर जजपा के प्रदेश महामंत्री हरपाल सिंह कांबोज ने बड़े हर्षोल्लास से सुल्तानपुर बैरियर पर लंगर का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि श्री राम जानकी संग, भाई लक्ष्मण संग अपने महल में विराजे हैं। पांच सौ साल पुराना संघर्ष खत्म हो गया है। चारों तरफ एक हर्षोल्लास और दीपावली जैसा माहौल बन गया है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी राम दरबार को अपने घर में विराजित करें व उनकी पूजा करें। मौके पर वीरेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, अमन कुमार, मंजीत सिंह, परमिंदर सिंह, कुलविंदर सिंह ने भी सेवा दी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने आयोजित की गोष्ठी

**अंबाला।** पुलिस की ओर से सोमवार को एक गोष्ठी बुलाई गई। इसमें सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना व नियुक्त ग्राम प्रहरियों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों व प्रहरियों के साथ विचार विर्मश करने के बाद उचित निर्देश दिए गए। सभी को एसपी ने अपना कार्य मेहनत, लगन, सच्चीनिष्ठा और ईमानदारी से करने का आग्रह किया।

### वांछित आरोपी को किया काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित करने और मारने की नीयत से डंडों से मारपीट कर चोटें पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी आर्यन को काबू किया है। इसके बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। 12 नवंबर 2023 को आलू गोदाम के पास सरकारी ड्यूटी के दौरान पुलिस दल से आरोपी बलराम उर्फ मोनू व अन्य ने सरकारी कार्य को बाधित कर रास्ता रोकने व मारने की नीयत से डंडों से चोट पहुंचाने का अपराधित कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

- गणतंत्र दिवस समारोह देश की एकता व अखंड़ता के साथ ही संविधान की संरचना का शुभ दिन

नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की रिहर्सल 23 और 24 जनवरी 2024 को अनाज मंडी में होगी। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में पहले ही अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह व रिहर्सल में सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय पर समारोह की तैयारियां पूरी करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह देश की एकता व अखंड़ता के साथ ही संविधान की संरचना का शुभ दिन है। ऐसे में इस दिवस को हर वर्ष की भांति इस बार भी गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के इस पावन समारोह को मनाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ टीम भावना के साथ काम करें। समारोह एवं रिहर्सल के दौरान पुलिस द्वारा परेड़ एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने से बिजली निगम के अधिकारी को बिना बाधा के बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने, जनस्वास्थ्य विभाग को पेयजल, महिला एवं बाल विकास विभाग को समारोह स्थल पर रंगोली बनवाने के निर्देश दिए गए।

## विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आएगी आड़े : नायब

**कैथल।** राजौंद जींद रोड पर श्री रविदास आश्रम में सांसद नायब सैनी व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने फूल मालाओं के साथ राज्य मंत्री व सांसद नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राज्य मंत्री ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह जो मांग रखेंगे वह पूरी की जाएगी। उन्होंने रविदास आश्रम के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। सांसद नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्य मंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश पूरी प्रगति पर हैं। हर गरीब व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए किसी को भी योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है ताकि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचें। पंक्ति में खड़े हर अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में देश व प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार पूरे बहुमत के साथ बनेगी इसलिए आप पूरा सहयोग करें। इसके बाद राज्य मंत्री द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास किया व नगर पालिका परिसर में लाखों रुपए की लागत तैयार हुई गलियों व अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

## खटकड़ टोल पर धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिट एंड रन संशोधन बिल को तुरंत प्रभाव से रद्द किए जाने की मांग को लेकर खटकड़ टोल प्लाजा पर चालक व मालिक एकता मंच के आह्वान पर दिया जा रहा धरना सोमवार को 16वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता टैक्सी यूनियन जींद के प्रधान नरेंद्र खर्ब ने की। धरने को मजदूर संगठन सीटू के जिला सचिव कपूर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की मोदी सरकार लगातार जन विरोधी कानून पास कर रही है, संविधान व संवैधानिक संस्थाओं पर हमले जारी हैं। कभी किसानों पर कभी मजदूरों पर कभी कर्मचारियों पर, कभी छात्रों व नौजवानों तथा महिलाओं पर लगातार हमले जारी हैं। भाजपा सरकार ने अब ड्राइवर तक को नहीं बख्शा और उनके खिलाफ भी काले कानून लेकर आ गई। ऐसा काला कानून कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर ड्राइवर को व्यक्तिगत तौर पर 10 साल की सजा सात लाख रुपये का जुर्माने का काला कानून मोदी सरकार लेकर आई है। जींद चालक व मालिक एकता मंच के संयोजक नरेंद्र बवाना ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियनों मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर होने वाले ट्रैक्टर व व्हीकल परेड में ड्राइवर समाज भी अपने विभिन्न तरह के व्हीकल लेकर अपनी मांग मुद्दों को शामिल होगा। उन्होंने मांग की कि हिट एंड रन संशोधन बिल को तुरंत रद्द किया जाए।

कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से आम लोगों के साथ खड़ी

## 36 बिरादरी को साथ लेकर चलती है कांग्रेसः महल

- प्रदेश बेरोजगारी, नशे व अपराध में नंबर एक पर है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरबीर सिंह महल ने अंबाला शहर विधानसभा के गांव भानोखेड़ी का दौरा किया।

हरबीर महल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से आम लोगों के साथ खड़ी है ओर उनकी समस्याओं को उजागर करती रहेगी। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा 36 बिरादरी को साथ लेकर चलती है। 2014 से पहले कांग्रेस सरकार में हर वर्ग खुश था, प्रति व्यक्ति आय, रोजगार, व्यापार, प्रति व्यक्ति निवेश सहित जन कल्याणकारी नीतियों की वजह से प्रदेश नंबर एक था।

अब प्रदेश बेरोजगारी, नशे व अपराध में नंबर एक पर है। उन्होंने कहा कि घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर कई कांग्रेसी पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अंबाला। ग्रामीणों को संबोधित करते कांग्रेसी नेता हरबीर महल।

- घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस अभियान आगे भी जारी रहेगा